# The Maratha Empire

**1. 'पुरन्दर की सन्धि' द्वारा मुगलों को प्रदान किए गए दुर्गों में से कौन-सा दुर्ग शिवाजी के द्वारा पुनर्विजित नहीं किया जा सका था?**
(a) पुरन्दर (b) माहुली
(c) लोहागढ़ (d) शिवनेर

**2. शाहजी ने किससे पूना की जागीर प्राप्त की थी?**
(a) मुगलों से (b) आदिलशाह से
(c) निजामशाही से (d) पुर्तगालियों से

**3. पानीपत का तीसरा युद्ध कब लड़ा गया?**
(a) 14 जनवरी, 1760
(b) 5 जनवरी, 1761
(c) 14 जनवरी, 1761 (d) 5 नवम्बर, 1556

**4. मराठा घुड़सवार सेना की पच्चीस घुड़सवारों वाली सबसे छोटी इकाई थी**
(a) नायक (b) हवलदार
(c) सरनौबत (d) जुमलादार

**5. किसने कहा था "हमें इस जर्जर वृक्ष के तने पर आक्रमण करना चाहिए, शाखाएँ तो स्वयं ही गिर जाएँगी"?**
(a) शिवाजी ने मुगल साम्राज्य के लिए
(b) बाजीराव प्रथम ने मुगल साम्राज्य के लिए
(c) औरंगजेब ने दक्षिण राज्यों के लिए
(d) क्लाइव ने बंगाल के नवाब के लिए

**6. निम्नलिखित में से किस स्थान के शासक ने अफजल खाँ के अधीन 1659 ई. में शिवाजी के विरुद्ध एक विशाल सेना भेजी थी?**
(a) बीदर (b) बीजापुर
(c) गोलकुण्डा (d) खानदेश

**7. राजाराम की पत्नी एवं शिवाजी द्वितीय की माता का नाम क्या था?**
(a) जीजाबाई (b) अहिल्याबाई
(c) अवन्तिबाई (d) ताराबाई

**8. मराठा प्रशासन में 'पागा' क्या था?**
(a) स्वतन्त्र सैनिक (b) राज्य आश्रित सैनिक
(c) पेशेवर सैनिक (d) दूसरे देश के सैनिक

**9. शिवाजी की राजधानी कहाँ थी?**
(a) रायगढ़ (b) सिन्धुदुर्ग (c) पूना (d) कोल्हापुर

**10. मराठा तोपखाने का प्रमुख व्यवस्थापक था**
(a) इब्राहिम खाँ गार्दी (b) मीर हबीब
(c) खाण्डे राव दमदे (d) कन्होजी

**11. सामाजिक सुधार, राष्ट्रीय पुनर्जीवन तथा मराठा शक्ति के उदय के लिए किस मराठा सन्त का सर्वाधिक महत्त्व है?**
(a) एकनाथ (b) तुकाराम
(c) समर्थ रामदास (d) वामन पण्डित

**12. निम्न में से किसे मराठा साम्राज्य का द्वितीय संस्थापक माना गया?**
(a) बालाजी बाजीराव (b) बालाजी विश्वनाथ
(c) बाजीराव प्रथम (d) नारायण राव

**13. मराठों की वह महिला सरदार कौन थी जिसने राजाराम की मृत्यु के बाद (1700 ई. के बाद) भी मुगल साम्राज्य के विरुद्ध स्वतन्त्रता संघर्ष जारी रखा**
(a) अहिल्याबाई (b) मुक्ताबाई
(c) ताराबाई (d) जीजाबाई

**14. शिवाजी की निम्नलिखित पत्नियों में कौन सती हुई?**
(a) पुतलीबाई (b) सकवरबाई
(c) सोयराबाई (d) इनमें से कोई नहीं

**15. शिवाजी का राज्याभिषेक कहाँ और कब हुआ था?**
(a) कोंकण में, 1653 में
(b) मुम्बई में, 1665 में
(c) पूना में 1660 में
(d) रायगढ़ में, 1674 में

**16. शिवाजी का जन्म कहाँ हुआ था?**
(a) पुरन्दर (b) पूना
(c) रायगढ़ (d) शिवनेर

**17. निम्न में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**
(a) सूरजमल-जाट
(b) मल्हार राव-होल्कर
(c) बालाजी बाजीराव-छत्रपति
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**18. शिवाजी मुगलों की कैद से भागने के समय कौन से नगर में कैद थे?**
(a) ग्वालियर (b) आगरा
(c) दिल्ली (d) कानपुर

**19. 'मोडी लिपि' का प्रयोग किसके विलेखों में किया जाता था?**
(a) वाडयारों के (b) जमोरिनों के
(c) होयसलों के (d) मराठों के

**20. शिवाजी ने मुगलों को किस युद्ध में हराया था?**
(a) पुरन्दर (b) रामगढ़
(c) सलेहर (d) शिवनेर

# Answer Key-Hindi

1. (b) 2.(c) 3.(c) 4.(b) 5.(b) 6.(b) 7.(d) 8.(b) 9.(a) 10.(a)

11. (c) 12.(b) 13.(c) 14.(a) 15.(d) 16.(d) 17. (c) 18.(b) 19.(d) 20. (c)

EduBull.com